भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**(राजभाषा प्रभाग)**

**फा.सं. भाखेप्रा/रा.भा./3025/2025-26/ ५५८** **दिनांक: 29.10.2025**

सेवा में,

उपनिदेशक
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

**विषय: हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़ा की समीक्षा रिपोर्ट**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्य कार्यालय नई दिल्ली में दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाड़े/हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में अधिकारियों/कार्मिकों को राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया।

पखवाड़ा समापन के उपरांत, राजभाषा प्रभाग द्वारा विभिन्न प्रभागों/स्टेडियमों में हिदी के प्रयोग की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के मुख्य बिंदु निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | मद | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी में टिप्पण/प्रारूपण (नोटिंग/ड्राफ्टिंग) में प्रगति | विभिन्न प्रभागो/स्टेडियमों में समीक्षा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी में टिप्पण/प्रारूपण को प्रोत्साहित किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान इसमें उल्लेखनीय प्रगति देखी गई। |
| 2. | हिंदी में जारी होने वाले पत्रों की समीक्षा | पूर्व तिमाही की तुलना में हिंदी में किए गए पत्राचार के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। |
| 3. | हिंदी हस्ताक्षरों में वृद्धि | अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हिंदी में हस्ताक्षर किए जाने की प्रवृत्ति में सकारात्मक वृद्धि देखी गई। |
| 4. | रजिस्टर/पंजिकाओं में हिंदी में प्रविष्टियां | कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों / पंजिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में की जाने लगी हैं, जिससे हिंदी का प्रयोग सशक्त हुआ है। |
| 5. | फाइलों में शीर्षक एवं शीर्षनाम का द्विभाषीकरण | सभी फाइलों में शीर्षक एवं शीर्षनाम को द्विभाषीय (हिंदी-अंग्रेजी) स्वरूप में परिवर्तित किया गया है। |
| 6. | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का हिंदी में उत्तर | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिए जाने की प्रवृत्ति में वृद्धि दर्ज की गई। |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | हिंदी टूल्स का प्रयोग (जैसे कंठस्थ, अनुवादना, भाषिणी, गूगल इत्यादि) | कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा हिंदी टूल्स जैसे कंठस्थ, अनुवादनी, भाषिणी, गूगल इत्यादि के प्रयोग में लगभग 25% की वृद्धि हुई है। |
| 8. | बैठकों अथवा अन्य कार्यक्रमों में हिंदी को बढ़ावा | कार्यालय में आयोजित बैठकों एवं अन्य कार्यक्रमों में मंच संचालन एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संबोधन पूर्णत: हिंदी में किए गए, जिससे राजभाषा हिंदी को सशक्त प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। |
| 9. | हिंदी टंकण (टाईपिंग) को बढ़ावा | कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पत्राचार एवं फाइल कार्य हेतु हिंदी टूल्स की सहायता से हिंदी टंकण (टाईपिंग) को बढ़ावा दिया जा रहा है। |
| 10. | अन्य कदम | महानिदेशक महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर दैनिक कार्यों एवं आपसी संवाद में हिंदी भाषा के प्रयोग हेतु सभी को प्रोत्साहित किया गया। पखवाड़ा 2025 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ कुछ नई प्रतियोगिताएं जैसे - रंगोली, चित्र व्याख्यान, बूझो तो जाने इत्यादि आयोजित की गई, साथ ही पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया जो इस बार आकर्षण का केंद्र रहा। पखवाड़े के दौरान दो कार्यशालाओं तथा हिंदी काव्य पाठ का आयोजन भी किया गया, ताकि इन सभी आयोजनों से हिंदी के वातावरण को सहज और सरल बनाया जा सके। |

**निष्कर्ष:** समीक्षा में यह स्पष्ट होता है कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रयोग में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न प्रभागों/स्टेडियमों के अधिकारियों ने न केवल हिंदी में कार्य निष्पादन को प्राथमिकता दी, बल्कि द्विभाषी व्यवस्था को भी सफलतापूर्वक लागू किया। इस दिशा में निरंतर प्रगति बनाए रखने हेतु विभागीय प्रमुखों को भी निदेश दिया गया है कि वे हिंदी के प्रयोग हेतु कार्मिकों को और अधिक प्रोत्साहित करें।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

गी पाराशर 29.10.25

**(डॉ. गीता पाराशर)**

**निदेशक/प्रभारी राजभाषा**

प्रति:

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के उपनिदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. मास्टर फाइल